# धर्म और आध्यात्मिक एकता का आधार

- आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति की परांपरा
- सीएम डॉ. यादव ने 'एकात्म पर्व' का किया शुभारंभ



**भोपाल, 17 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती सदैव से ज्ञान, ध्यान, धर्म और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र रही है. उन्होंने ओंकारेश्वर को 'अद्वैत ज्ञान के सूर्योदय का केंद्र' बताते हुए कहा कि यहां की चेतना की अनुभूति पूरे समाज को नई दिशा दे रही है. वे ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में आयोजित आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव 'एकात्म पर्व' के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे.**

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और आदि शंकराचार्य के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमेशा समाज को आदर्श जीवन मूल्यों और कर्मवाद का संदेश दिया है. उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन के माध्यम से सनातन परंपरा को एक नई मजबूती दी और भारत की आध्यात्मिक एकता का आधार स्थापित किया.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर एकात्म पर्व का शुभारंभ किया तथा अद्वैत लोक और अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का लोकार्पण किया. इसके साथ ही वे वैदिक अनुष्ठान में भी शामिल हुए. इस अवसर पर अनेक संत-महात्मा, शंकराचार्य और विद्वान उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री ने एकात्म धाम से जुड़ी वेबसाइट और पुस्तकों का भी विमोचन किया तथा एकात्म यात्रा और अद्वैत पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन देखा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सनातन संस्कृति के संरक्षण और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है. उन्होंने अंत्योदय सिद्धांत को एकात्मता के भाव से जोड़ते हुए इसे सामाजिक समानता और सेवा का आधार बताया.

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मा और परमात्मा का ज्ञान ही एकात्मता का वास्तविक आधार है. उन्होंने कहा कि वेदांत और अद्वैत दर्शन के माध्यम से ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य प्राप्त किया जा सकता है. वहीं पद्मश्री निवेदिता भिड़े ने कहा कि संपूर्ण सृष्टि में एक ही चेतना विद्यमान है और सभी के साथ एकात्मता का भाव ही सच्चा धर्म है.

> आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के अनुसार ओंकारेश्वर को 'ग्लोबल सेंटर ऑफ वननेस' के रूप में विकसित किया जा रहा है. यहां 108 फीट ऊंची एकात्म प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है और अद्वैत लोक परियोजना पर कार्य जारी है. साथ ही, 2027 में एकात्म यात्रा और 2028 सिंहस्थ से पहले व्यापक आध्यात्मिक कार्यक्रमों की योजना है. कार्यक्रम के अंत में बताया गया कि 21 अप्रैल को होने वाले दीक्षा समारोह में 700 से अधिक युवा 'शंकर दूत' के रूप में संकल्प लेंगे. यह आयोजन पांच दिनों तक चलेगा, जिसमें वैदिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और वैचारिक सत्र शामिल होंगे.

# ट्रैक्टर ट्राली पलटी, चार की मौत

**04** -4 लाख रुपये मृतकों के परिजनों को देंगे सीएम

**24** लोग घायल, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपये



**श्योपुर, 17 अप्रैल. विजयपुर से तीन किलोमीटर दूर स्थित खितरपाल मोड़ पर आज देर रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली पलट गई. चार लौगो की मौके पर ही मौत हो गई.**

बीरपुर क्षेत्र से एक परिवार पार्बती बड़ौदा भात मांगने जा रहा था, ट्राली के पलटते समय चीख पुकार सुनकर खितरपाल के ग्रामीणों एवं राहगीरों ने बचाव कार्य कर पुलिस को सूचना दी एवं घायलो को स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये. पुलिस भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची.

ट्रैक्टर ट्राली में 28 लोग सवार थे. धूधस ग्राम के गुर्जर समाज के लोग पार्बती बड़ौदा भात मांगने जा रहे थे टैक्टर ट्राली में सवार सभी 24 लोग घायल है. जिनका इलाज स्वास्थ्य केन्द विजयपुर में जारी है. सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री रामनिवास रावत एवं पूर्व विधायक बाबूलाल मेबर स्वास्थ्य केन्द विजयपुर पहुंचे, घायलों का हाल जाना ब सभी को यथा उचित मदद शासन से दिलाने का आश्वासन दिया.

### आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपये तथा अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. साथ ही बताया कि सभी घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है.

# 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

- सीएमएचओ को भोपाल लोकायुक्त की टीम ने पकड़ा
- डॉ. आकर्ष तनेजा का नाम जुड़वाना चाहता था



**ब्यावरा 17 अप्रैल, का. भोपाल लोकायुक्त पुलिस ने राजगढ़ की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल को रिश्वत की मांग करते हुए पकड़ा है. आवेदक हरिओम अहिरवाल राजगढ़ में सुविधा डायग्नोस्टिक सेंटर के नाम से सोनोग्राफी सेंटर संचालित करते हैं.**

आवेदक अपने सेंटर पर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से डॉ आकर्ष तनेजा का नाम जुड़वाना चाहता था. इस कार्य के अप्रूवल के लिए जिला चिकित्सालय राजगढ़ में पदस्थ सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल के द्वारा आवेदक से 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गयी. सीएमएचओ द्वारा आवेदक से 30 हजार रूपये रिश्वत के रूप में ले लिए थे और बाकी 20 हजार रुपए अप्रूवल के बदले मांगे जा रहे थे.

> पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश एवं पर डीएसपी लोकायुक्त ने कार्यवाही की. आवेदक हरिओम अहिरवाल पिता जगन्नाथ अहिरवाल निवासी बी 122 बिलेयर अपार्टमेंट अब्बास नगर रोड गांधी नगर भोपाल की शिकायत पर आरोपिया शोभा पटेल पति स्व.डॉ बिहारीलाल पद सीएमएचओ राजगढ़ के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है. ट्रैप राशि 20 हजार रूपए सीएमएचओ निवास राजगढ़ से बरामद की गई.

# महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह बने स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष

**जबलपुर, 17 अप्रैल. म.प्र. में अधिवक्ताओं की सबसे बडी संस्था मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण हो गया। जिसके उपरांत बार काउंसिल को आगे संचालित करने हेतु बार काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली ने एक समिति गठित की जिसमे म.प्र. के महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह को स्टेट बार काउंसिल का नया अध्यक्ष तथा ग्वालियर के अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपेन्द्र कुशवाह व केन्द्र सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरू को सदस्य नियुक्त किया.**




महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह ने तत्काल ही बार काउंसिल में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर प्रदेश के अधिवक्ताओ के हितार्थ कार्य प्रारंभ कर दिया। इस अवसर पर परिषद के सचिव आशीष आनंद सहित उपस्थित सभी कर्मचारियो ने नये अध्यक्ष का पुष्पहारो से स्वागत किया उल्लेखनीय है कि स्टेट बार काउंसिल की कार्यकारिणी का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत प्रति 5 वर्ष में होने वाले चुनाव आगामी 12 मई को है.

## टेस्ट ड्राइव पर निकली कार ट्रेलर से टकराई, दो युवक घायल

**नीमच।** नीमच में महू-नसीराबाद हाईवे पर भाटखेड़ा फंटे के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। सर्विसिंग के बाद टेस्ट ड्राइव पर निकली एक गाड़ी ट्रेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में गाड़ी में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, जमुनिया स्थित बोरदिया मोटर्स के कर्मचारी मनासा निवासी मंगलदास (38) पिता सालिगराम बैरागी और चल्दू निवासी करूलाल (39) पिता भंवरलाल कार्पेंटर गाड़ी को टेस्ट ड्राइव के लिए ले गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भाटखेड़ा फंटे के पास कार ट्रेलर को ओवरटेक करने के दौरान उससे टकरा गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार सवार दोनों युवक गाड़ी में फंस गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत नीमच जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

# विश्व विरासत दिवस आज : संग्रहालयों और स्मारकों में नि :शुल्क प्रवेश

- विश्व विरासत दिवस पर आज मिली छूट
- ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासतों से जुड़ें : लोधी



**भोपाल, 17 अप्रैल. संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स से पोस्ट कर बताया कि 'विश्व विरासत दिवस' के विशेष अवसर पर आज शनिवार को पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, भोपाल के अधीन आने वाले प्रदेश के सभी संग्रहालयों और स्मारकों में पर्यटकों का प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा.**

यह सुविधा सभी पर्यटकों के लिए उपलब्ध होगी, जिससे वे बिना किसी टिकट के मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत का अवलोकन कर सकेंगे.

राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपनी प्राचीन कला, वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं के प्रति जागरूक करना है. राज्य मंत्री लोधी ने आम जनता और पर्यटकों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी वैभवशाली ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासतों से जुड़ें.

# विक्रमपुर गांव में घुसा बाघ, दहशत का माहौल

**पन्ना, 17 अप्रैल. जिले के पन्ना टाइगर रिजर्व से सटे विक्रमपुर गांव में एक बाघ के घुस आने से दहशत का माहौल बन गया. बाघ ने गांव में प्रवेश कर बाड़े में बंधे दो मवेशियों का शिकार कर लिया, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई.**

सूत्रों के अनुसार गुरुवार को गांव के एक ग्रामीण ने बाघ को गांव में प्रवेश करते हुए देखा और उसका वीडियो भी बनाया, जिसके बाद यह खबर तेजी से फैल गई. ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी.

जानकारी मिलते ही पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची और बाघ को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ने के लिए अभियान शुरू किया. इस दौरान प्रशिक्षित हाथियों की भी मदद ली जा रही है. पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक बीके पटेल ने बताया कि बाघ को बिना नुकसान पहुंचाए जंगल की ओर भेजने का प्रयास किया जा रहा है.

> उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बाघों की संख्या बढ़ने के कारण वे नए इलाकों की तलाश में जंगल से बाहर आ रहे हैं. उल्लेखनीय है कि हाल ही में जसवंतपुरा गांव में भी इसी तरह की घटना सामने आई थी. रिहायशी क्षेत्रों के पास बाघों की बढ़ती मौजूदगी से मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति बन रही है, जो चिंता का विषय है.

# इलेक्ट्रॉनिक शोरूम की लिफ्ट गिरी एक की मौत

- दो घायल, दमोह के तेंदूखेड़ा में हुआ हादसा



**दमोह, 17 अप्रैल. जिले के तेंदूखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार रात एक दो मंजिला इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी लिफ्ट अचानक नीचे गिर गई. जिसमें एक नगर पालिका कर्मचारी और शोरूम संचालक के बेटे सहित तीन लोग घायल हो गए. तीनों घायलों को गंभीर हालत में इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.**

यहां प्राथमिक इलाज करने के बाद तीनों को जबलपुर रेफर किया गया था.जहां इलाज के दौरान नगर पालिका कर्मचारी की मौत हो गई अन्य दो घायलों का इलाज चल रहा है. अभी तक कोई भी फरियादी पुलिस थाने नहीं पहुंचा इसलिए पुलिस के द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है. फरियादी के थाने पहुंचने पर ही पुलिस मामले की जांच आगे शुरू करेगी.

> जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के मुख्य बाजार में प्रहलाद सोनी का दो मंजिला इलेक्ट्रानिक शोरूम संचालित होता है. गुरुवार रात कमलेश लोधी जो पाइप लाइन सप्लाई चालू करने का काम करता है.बांदीपुरा गांव के देवेंद्र लोधी के साथ शोरूम में खरीदी करने पहुंचे थे, देवेंद्र के घर में किसी की शादी है. उनके साथ शोरूम संचालक का बेटा भी साथ था.तीनों युवक शादी का सामान लेकर लिफ्ट के जरिए ऊपर से नीचे आ रहे थे. तभी अचानक लिफ्ट का संतुलन बिगड़ा और वह तेज गति के साथ नीचे गिर गई.

# ड्रग सप्लाई करने वाले रैकेट का किया पर्दाफाश

- मिलिट्री इंटेलीजेंस और पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी
- आर्मी एस्टेब्लिशमेंट में करते थे ड्रग सप्लाई

**महू.** मध्य प्रदेश का एक शांत सैन्य शहर, जहां कई प्रतिष्ठित संस्थान देश की रक्षा की नींव मजबूत करते हैं. लेकिन, पिछले कुछ वर्षों से यहां की शांति पर अशांति का साया मंडरा रहा था. स्थानीय बाजारों और सैन्य क्षेत्रों के आसपास नशीले पदार्थों की आपूर्ति बढ़ रही थी, जिसका असर वर्तमान में कार्यरत सैनिकों पर भी पड़ रहा था. अनुमान था कि कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जो कैजुअल लेबर के रूप में घुसपैठ करके आर्मी एस्टेब्लिशमेंट के अंदर तक पहुंच बना चुका था. मिलिट्री इंटेलिजेंस और महू पुलिस लंबे समय से इस गिरोह को पकड़ने की कोशिश में जुटे थे, लेकिन ठोस सुराग नहीं मिल रहा था. हालांकि ड्रग सप्लाई करने वाले कुछ लोगों पर पहले से ही मिलिट्री इंटेलीजेंस की निगरानी थी.

पुलिस के मुताबिक, 16 अप्रैल 2026 को दोपहर लगभग 5.20 बजे, एक विश्वसनीय मुखबिर ने सूचना दी, जिसमें उसने बताया कि सुमित सुरवाड़े नामक युवक वालॉन्ग द्वार के पास इन्फैंट्री स्कूल के बाहर शाम 7.30 बजे अफीम और गांजा की खेप डिलीवर करने वाला है. सूचना की पुष्टि होते ही संयुक्त टीम मिलिट्री इंटेलिजेंस और महू पुलिस तैनात हो गई. शाम करीब 8.10 बजे, बाइक नंबर एमपी 09 एपी 3741 सड़क पर दिखी, जिस पर तीन युवक बैठे थे. उन्होंने पहले आसपास रेकी की, फिर, ठीक 8.15 बजे वे वालॉन्ग द्वार के पास रुके. बाइक से उतरते ही टीम ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया.

पुलिस के अनुसार आरोपियों की तलाशी में अफीम, गांजा और 5 मोबाइल फोन बरामद हुए. आरोपियों के नाम सुमित पुत्र मनोहर सुरवाड़े (20 वर्ष), रोहित पुत्र लेफ्ट. सुभाष चौहान (19 वर्ष) और प्रेम कुमार पुत्र विनोद (19 वर्ष) सभी निवासी पिठ रोड बताए गए हैं. जांच में खुलासा हुआ कि सुमित और प्रेम पिछले दो साल से स्टेशन मुख्यालय महू में कैजुअल लेबर के रूप में काम कर रहे थे, जिससे उनको फौज के सारे तौर तरीके मालूम थे. फोन चेक और सख्त पूछताछ में तीनों टूट गए. उन्होंने कबूल किया कि वे यादव मोहल्ला के कलू (मुख्य सप्लायर) के इशारे पर काम करते हैं, जो सभी सैन्य प्रतिष्ठानों में नशीले पदार्थ बांटता है और बंटवाता है.

> **पूरे नेटवर्क को उजागर करने में जुटी पुलिस**
>
> फिलहाल तीनों ड्रग तस्करों को पीएस महू की हिरासत में भेज दिया गया है, अब विस्तृत जांच से पूरा नेटवर्क उजागर करने की कोशिश जारी है. यह घटना सैन्य क्षेत्रों में सुरक्षा की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है. कैजुअल लेबर के जरिए घुसपैठ घातक हो सकती है. महू पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने संकल्प लिया है कि इस रैकेट को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे, ताकि सैन्य प्रतिष्ठान दोबारा सुरक्षित रहें.

## अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील

**भिंड.** जिले के हाउसिंग कॉलोनी क्षेत्र में संचालित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जिला स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए मशीन को सील कर दिया है. यह कार्रवाई एक ही डॉक्टर के नाम पर मप्र और उप्र में पंजीयन होने की शिकायत के आधार पर की गई. स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार संबंधित सेंटर डॉक्टर धर्मेंद्र धनखड़ के नाम से संचालित हो रहा था. आरोप है कि डॉक्टर ने भिण्ड के साथ-साथ उत्तरप्रदेश के बाराबंकी में भी अल्ट्रासाउंड सेंटर के लिए पंजीयन करा रखा है, जबकि नियमों के अनुसार एक ही चिकित्सक एक समय में दो स्थानों पर इस प्रकार का संचालन नहीं कर सकता. शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेंटर की जांच की.

# सहायक राजस्व निरीक्षक 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**खरगोन, 17 अप्रैल. जिले के भीकनगांव में लोकायुक्त इंदौर की टीम ने नगर परिषद के एक सहायक राजस्व निरीक्षक को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. लोकायुक्त इंदौर के पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के अनुसार आरोपी मयंक जैन (34), सहायक राजस्व निरीक्षक, नगर परिषद भीकनगांव को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया.**

शिकायतकर्ता सिराज पठान निवासी वार्ड क्र. 6 हनुमान मंदिर क्षेत्र कसाई मोहल्ला भीकनगांव ने लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ था और पहली किश्त के रूप में एक लाख रुपये प्राप्त हो चुके थे. आरोप है कि दूसरी किश्त जारी कराने के एवज में आरोपी द्वारा 15 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी. शिकायत का सत्यापन करने पर आरोप सही पाए जाने के बाद लोकायुक्त टीम ने ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया.

## शराब ठेकेदार के गुर्गों ने की फायरिंग, पिता-पुत्र जख्मी

**शिवपुरी.** कोतवाली क्षेत्र के बड़ी नौहरी में शराब ठेकेदार के गुर्गों ने कई हवाई फायर किए. उन्होंने एक पिता-पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिसमें पिता गंभीर रूप से घायल हो गए. आबकारी विभाग की टीम पर भी मारपीट के आरोप लगे हैं. बड़ी नौहरी में बंजारा परिवार द्वारा कच्ची शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी. इसी सूचना पर शराब ठेकेदार के गुर्गे और आबकारी विभाग की टीम दबिश देने पहुंची थी. पीड़ित सेठा बंजारा ने बताया कि वह अपने बेटे राहुल बंजारा के साथ घर के बाहर खड़े थे. तभी तीन से चार वाहनों में सवार होकर कुछ लोग मौके पर पहुंचे. उन्होंने कार से उतरते ही तीन से चार हवाई फायर किए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई और भगदड़ मच गई.

**बैठक** जिले में 28 हजार करोड़ का निवेश करेगी टाटा एनर्जी

# पावर प्लांट से 5 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार : शुक्ल

**भोपाल, 17 अप्रैल.उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस सभागार रीवा में आयोजित बैठक में कहा कि टाटा एनर्जी रीवा जिले में ऊर्जा की बड़ी परियोजना शुरू करने जा रही है. टाटा एनर्जी 28 हजार करोड़ रुपए निवेश करके पावर प्लांट स्थापित करने जा रही है. इस प्लांट से एक हजार मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा. इससे क्लीन और ग्रीन एनर्जी के साथ-साथ पांच हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे.**



परियोजना के लिए आवश्यक जमीनें चिन्हित कर ली गई हैं. मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम 169 हेक्टेयर जमीन टाटा एनर्जी को आवंटित कर रहा है. शेष जमीनों का अधिग्रहण करके टाटा एनर्जी को उपलब्ध कराएं, जिससे परियोजना का कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके. सोलर एनर्जी के बाद यह रीवा जिले के लिए दूसरी बड़ी उपलब्धि होगी.

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में अधोसंरचना का विकास तेजी से हुआ है. इसका लाभ अब जिले को मिलने लगा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन योदव की विशेष पहल पर रीवा में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया. कई क्षेत्रों के उद्योगपति रीवा में निवेश के इच्छुक हैं. एयरपोर्ट, सड़क, रेलवे लाइन और पानी की उपलब्धता से निवेश को प्रोत्साहन मिल रहा है. टाटा एनर्जी की परियोजना से जिले के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी.

परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग तथा वन विभाग के अधिकारी समन्वय से प्रयास करें. बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि परियोजना के लिए आवश्यक जमीनें तय समय सीमा में टाटा एनर्जी को उपलब्ध करा दी जाएंगी. निजी जमीनों को टाटा एनर्जी स्वयं प्राप्त करेगी. प्रशासनिक स्तर पर पूरा सहयोग किया जा रहा है.

# अमानक बीज से फसल बर्बाद

## कंपनी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**धार, 17 अप्रैल. जिले के मनावर क्षेत्र में अमानक बीज बेचकर किसानों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. प्रशासन की जांच के बाद हैदराबाद की बीज कंपनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार मनावर क्षेत्र के बोरुद, देवला, लंगूर, करोली, सिरसाला, बालीपुर, भरडपुर, जाटपुर, जोतपुर, अजन्दा, लिम्बी, अहमदपुर और पिपरीमान सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के किसानों ने नवंबर 2025 में संबंधित कंपनी से करेले के बीज और रोपे खरीदे थे. किसानों ने फसल की पूरी देखभाल की, लेकिन फलन के समय करेले छोटे




और पीले होकर गिरने लगे, जिससे उत्पादन लगभग समाप्त हो गया और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा.

किसानों की शिकायत पर कृषि वैज्ञानिकों और उद्यान विभाग की संयुक्त टीम ने खेतों का निरीक्षण किया. जांच में पाया गया कि किसानों द्वारा फसल की देखभाल में कोई कमी नहीं थी, जबकि कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए बीज और रोपे अमानक थे.

> जांच रिपोर्ट में कंपनी द्वारा प्रमाणित बताकर अमानक बीज बेचने और अवैध लाभ अर्जित करने की पुष्टि होने पर पुलिस ने कंपनी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और बीज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है. प्रभावित किसानों ने प्रशासन से नुकसान की भरपाई और कंपनी के लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है.